



# भ्रष्टाचार पर व्यापारी युवा संघ का हल्ला बोल

## 30 दिन का अल्टीमेटम, फिर आंदोलन, आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सीएमओ को सौपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 अगस्त। नगर परिषद सरई में कथित भ्रष्टाचार, अधूरी विकास योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं की बदहाल स्थिति के खिलाफ मंगलवार को सरई व्यापारी युवा संघ ने जोरदार प्रदर्शन किया।**




सैकड़ों युवाओं ने उत्तरा मैदान से रैली निकालकर मुख्य बाजार, रेलवे तिराहा होते हुए नगर परिषद कार्यालय तक पहुंचकर नारेबाजी की और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 30 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्य वर्षों से अधूरे पड़े हैं। वार्ड क्रमांक 13 स्थित मुख्य बाजार मार्ग का डामरीकरण नहीं होने से धूल, कीचड़ और आवागमन की समस्या बनी हुई है। सभी वार्डों में लंबित स्ट्रीट लाइट कार्य, अधूरी नल-जल योजना तथा पेवर ब्लॉक निर्माण को भी तत्काल पूरा कराने की मांग उठाई गई। व्यापारियों ने नगर परिषद की सफाई व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। ज्ञापन में स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की गई कि सार्वजनिक स्थानों से गोबर और गंदगी हटाने की जिम्मेदारी किसकी होगी, ताकि अनावश्यक विवाद समाप्त हो सके।

### युवा व्यापारियों के कड़े रूख से नप में हड़कंप

सरई नगर परिषद के युवा व्यापारियों ने आज लामबंद होकर ज्ञापन सौपने पहुंचे। इस दौरान नगर में व्याप्त अव्यवस्था,गंदगी, कचरे से बजबजा रही नालियां, जगह-जगह लगे कचरे का ढेर, अधूरे नल-जल योजना को पूर्ण कराकर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, वार्ड 13 मुख्य सरई बाजार की सड़क का शीघ्र डामरीकरण कार्य कराने, वार्डो में लंबित स्ट्रीट लाइट के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने समेत मुख्य मार्ग में नो-एंट्री के पूर्व पानी का छिड़काव किये जाने , सड़क के किनारे खुले स्थानों पर संचालित अंडा,मांस-मछली की दुकानों को उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किये जाने संबंधित मांग शामिल हैं। इधर व्यापारी युवाओं के एकता को देख नगर परिषद अमले को भी दिन में ही आसमान में तारे नजर आने लगे।

### विकास कार्य धीमी प्रगति पर नाराजगी

ज्ञापन में मुख्य बाजार में स्थायी ऑटो स्टैंड विकसित करने, सड़क किनारे संचालित अंडा, मांस एवं मछली की दुकानों को निर्धारित स्थान पर स्थानांतरित करने तथा प्रमुख मार्गों पर आवारा मवेशियों की रोकथाम की भी मांग की गई। व्यापारियों का कहना है कि इन समस्याओं से यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ बाजार की व्यवस्था भी बिगड़ रही है। युवा संघ ने यह भी कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों की गति बेहद धीमी है, जिससे नागरिकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि एक माह के भीतर मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो नगर परिषद कार्यालय के सामने चरणबद्ध और आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# मैकेनिक को बना दिया उपयंत्री!

## कलेक्टर को भेजी गलत जानकारी,पीएचई विभाग ईई फिर सवालों में

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 अगस्त। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एक बार फिर गंभीर विवादों में घिरता नजर आ रहा है। एनटीपीसी विंध्यनगर कॉलोनी में शासकीय आवास आवंटन से जुड़े मामले में विभाग के कार्यपालन यंत्री की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।**

आरोप है कि उन्होंने कलेक्टर कार्यालय को भेजी गई जानकारी में वास्तविक पदनाम के विपरीत मैकेनिक जेएल पनिका को उपयंत्री दर्शाकर आवास आवंटित करा दिया। अब यह मामला प्रशासनिक अनियमितता से आगे बढ़कर दस्तावेजों में कथित गलत जानकारी देने के आरोपों तक पहुंच गया है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी पत्र में जेएल पनिका का पद उपयंत्री, पीएचई विभाग अंकित है, जबकि विभागीय सूत्रों के अनुसार उनका वास्तविक पद मैकेनिक बताया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि यदि मूल अभिलेखों में उनका पद मैकेनिक है तो कलेक्टर कार्यालय तक उपयंत्री के रूप में जानकारी किस आधार पर भेजी गई। जानकारों का कहना है कि यदि किसी शासकीय लाभ के लिए जानबूझकर गलत पदनाम प्रस्तुत किया गया हो तो इसकी विधिक जांच आवश्यक है।बताया जा रहा है कि जेएल पनिका की मूल पदस्थापना देवसर में मैकेनिक के रूप में है, लेकिन कई वर्षों से उन्हें जिला मुख्यालय स्थित पीएचई कार्यालय में संबद्ध कर रखा गया है। इतना ही नहीं, उन्हें विभाग की कई शाखाओं का प्रभार भी सौंपा गया है। इसे लेकर भी विभाग के भीतर लंबे समय से चर्चाएं होती रही हैं।

### 17 हजार 800 रूपये बकाया राशि जमा करने के निर्देश

जानकारी के अनुसार कलेक्टर ने पिछले माह 22 जुलाई को पीएचई ईई को पत्र जारी कर एनटीपीसी कॉलोनी विंध्यनगर में विभागीय अमले को आवंटित आवासो के संबंध में पत्र भेजा है। कलेक्टर के द्वारा जारी पत्र के अनुसार जेएल पनिका को 17,865 रुपये की बकाया राशि जमा कराने तथा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर के पत्र में जेएल पनिका को उपयंत्री पीएचई डिपार्टमेंट पर रखा गया है। इनपर भवन का किराया राशि जमा न करने का आरोप है। जेएल पनिका को एनटीपीसी विंध्यनगर में बी-230/एनएच-1 आवास आवंटित है। यह पत्र सार्वजनिक होते ही तरह-तरह की चर्चाएं की जाने लगी हैं। वहीं मैकेनिक ने खुद नवभारत के प्रतिनिधि को खुद प्रभारी उपयंत्री बताया है और कार्यपालन यंत्री ने इस मामले में चुप्पी साध लिया।

### इनका कहना :-

जेएल पनिका टेक्निशियन हैं। ऑफिस में रहने वालो को हम अपने हिसाब से प्रभार सौपते हैं। इनकी पदस्थापना यही हैं।

**टीएस बरकड़े**
कार्यपालन यंत्री, पीएचई, सिंगरौली

## एक नजर में

### हर घर तिरंगा अभियान 9 से

**सिंगरौली।** जिले में 9 से 17 अगस्त तक भारत सरकार एवं म.प्र. शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान व्यापक जनभागीदारी एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में आयोजित किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।अभियान के दौरान जिले में तिरंगा यात्रा, बाइक रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, नुक्कड़ नाटक, मेले तथा सैन्य एवं पुलिस बलों के सम्मान में पत्र लेखन जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत आमजन को अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। नागरिकों की सुविधा के लिए स्थानीय स्वयं सहायता समूहों एवं उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से खादी एवं पॉलिएस्टर के राष्ट्रीय ध्वज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जाएंगे।

### जिला स्वास्थ्य एवं टास्क फोर्स समिति की बैठक आज

**सिंगरौली।** कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति समीक्षा, जिला पोषण समिति समीक्षा एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन कल 5 अगस्त को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ मीजल्स-रूबेला निर्मूलन अभियान, वैक्सीन से रोके जा सकने वाले रोगों की निगरानी तथा जीरो डोज बच्चों के चिन्हांकन एवं टीकाकरण की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 तक मीजल्स-रूबेला निर्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एमआर टीके की दोनों खुराकों का कवरेज 95 प्रतिशत से अधिक सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

### दो महीने का राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण

**सिंगरौली।** भारत शासन के निर्देशों के अनुरूप राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र परिवारों को माह अगस्त एवं सितम्बर की राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण किया जाएगा। इसके लिए जिले में आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार अगस्त एवं सितम्बर माह की राशन सामग्री का वितरण 31 अगस्त तक पूर्ण किया जाएगा। इसके पूर्व सितम्बर माह के आवंटित खाद्यान्न सहित दोनों माह की राशन सामग्री का शत-प्रतिशत उठाव 15 अगस्त तक कर उचित मूल्य दुकानों में सुरक्षित भण्डारण सुनिश्चित किया जाएगा।

### साप्ताहिक भ्रमण अभियान कार्यक्रम 7 से

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत जिले में 7 अगस्त से 8 जनवरी तक अभियान चलाया जायेगा। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन में अभियान की शुरुआत जनपद पंचायत बैढ़न अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया क्लस्टर से होगी। इस क्लस्टर में ग्राम पंचायत सिद्धकला, काम, सिद्धीखुर्द, तियरा, टूसाखाड़, झाझी टोला, मकरोहर, सेमरिया, पिपरा, शासन, हर्रहवा, खम्हारिया, कुम्हिया, भाउखाड़ एवं भवरखोह को शामिल किया गया है। अभियान के तहत साप्ताहिक भ्रमण कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का व्यापक स्तर पर मूल्यांकन किया जाएगा तथा जनसमस्याओं का मौके पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 20 प्रमुख विषयों पर क्षेत्रीय निरीक्षण किया जाएगा।

### पीएम किसान निधि की राशि चालू कराने की मांग

**सिंगरौली।** तहसील सिंगरौली ग्रामीण क्षेत्र के करकोसा निवासी राजन कुमार पटेल पिता गम्मे प्रसाद पटेल ने कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन देते हुये बताया कि पिछले एक वर्ष से पीएम किसान सम्मान निधि राशि खाते में आना बंद है। जबकि फार्मर आईडी बना हुआ है। कई बार तहसीलदार एवं हल्का पटवारी को आवेदन दिया गया, आश्वासन के अलावा आज तक कुछ भी हाथ नही लगा।

### मृतक के परिजनों को नहीं मिली कर्मकार कार्ड से राशि

**सिंगरौली।** बैढ़न के ढोटी निवासी मनीष कुमार विश्वकर्मा पिता स्व. रामपाल विश्वकर्मा ने कलेक्टर के यहां आवेदन दिया है कि मेरे पिता की मौत पिछले वर्ष 8 सितम्बर को हो गई और उनके नाम कर्मकार कार्ड बना हुआ है। पिछले वर्ष अक्टूबर से नगर निगम में आवेदन देकर राशि की मांग की जा रही है, लेकिन नगर निगम द्वारा कर्मकार कार्ड योजना के तहत योजना का लाभ नही दिया जा रहा है। मनीष ने आरोप लगाया है कि नगर निगम के ऑपरेटर दुबारा दस्तावेज मांग रहे हैं।



# निर्धारित समय में सूना मिला पीडब्ल्यूडी देवसर का दफ्तर!

## लोनिवि दफ्तर देवसर का मामला,अधिकारी बेसूध

नवभारत न्यूज

**देवसर 4 अगस्त। अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग देवसर कार्यालय की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सोमवार के दिन सरकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय परिसर सूना मिला। कई कक्षों में न तो अधिकारी मौजूद थे और न ही कर्मचारी। दूर-दराज से अपनी शिकायत और कार्य लेकर पहुंचे लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। इससे विभागीय कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।**

कार्यालय में मौजूद लोगों के अनुसार कई टेबल-कुर्सियां खाली मिलीं, कमरों में धूल जमी दिखाई दी और पूरे परिसर में सन्नाटा पसरा रहा। कार्यालय के बाहर अधिकारियों के नाम पट्ट तो लगे हैं, लेकिन आम लोगों का आरोप है कि जरूरत के समय संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अक्सर उपलब्ध नहीं रहते। ऐसे में सड़क, पुल-पुलिया और अन्य निर्माण कार्यों से जुड़ी शिकायतों का निराकरण समय पर नहीं हो पाता। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई किलोमीटर दूर से कार्यालय पहुंचने के बावजूद उन्हें जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिलते, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से कार्यालय की कार्यप्रणाली की आकस्मिक जांच कराने, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति की समीक्षा करने की मांग की जाने लगी है। हालांकि लोनिवि के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री फील्ड में जाने की बात कर सकते हैं, परंतु दफ्तर का अन्य स्टाफ कहां रहता है, यह भी बड़ा सवाल है। कर्मचारियों के नदारत रहने से सबसे ज्यादा परेशान ठेकेदार होते हैं।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत

**सिंगरौली 4 अगस्त (एनबीएन)।** माड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मलगो में सोमवार की दोपहर खेत में कार्य करते समय आकाशीय बिजली के चपेट में आने से 42 वर्षीय प्रौढ़ किसान की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम मलगो निवासी कृष्ण माधव शाह पिता देवराज शाह उम्र 42 वर्ष सोमवार की दोपहर 2 बजे खेत में कार्य कर रहा था,तभी आकाशीय बिजली गिरी और उसके चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए माड़ा अस्पताल रवाना कर दिया।

# दो तहसीलदार शहर में, गांव अब भी खाली

## सिंगरौली नगर में दो-दो तहसीलदार,ग्रामीण क्षेत्र उपेक्षित,शहर से गांव भेजने की उठी मांग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 अगस्त। जिले की राजस्व व्यवस्था को लेकर एक बार फिर प्रशासनिक संतुलन पर सवाल उठने लगे हैं। नगर क्षेत्र में दो-दो तहसीलदारों की पदस्थापना होने के बावजूद कई ग्रामीण तहसीलें नियमित तहसीलदार के बिना संचालित हो रही हैं। इससे ग्रामीण अंचलों में राजस्व संबंधी मामलों के निराकरण में विलंब होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।**




वर्तमान में बैढ़न तहसील में तहसीलदार सविता यादव पदस्थ हैं, जबकि हाल ही में नायब तहसीलदार से पदोन्नत हुए अभिषेक यादव की पदस्थापना पंजरेह सर्किल में है। पंजरेह सर्किल का कार्यालय पचौर स्थित तहसील भवन से संचालित होता है। पंजरेह और तहसील कार्यालय पचौर की दूरी महज 30 किलोमीटर से ज्यादा है। इसके विपरीत माड़ा, सिंगरौली ग्रामीण, देवसर और बरगवां जैसी महत्वपूर्ण ग्रामीण तहसीलों में नियमित तहसीलदार नहीं हैं। इन तहसीलों का संचालन नायब तहसीलदारों के भरोसे किया जा रहा है। प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि विवाद, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और अन्य राजस्व प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित रहते हैं, जिससे आम लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। क्षेत्र के नागरिकों ने मांग की है कि नगर क्षेत्र में पदस्थ दो तहसीलदारों में से एक अधिकारी को तत्काल किसी ग्रामीण तहसील में पदस्थ किया जाए। उनका कहना है कि इससे राजस्व व्यवस्था में संतुलन बनेगा, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण होगा और ग्रामीण अंचल के लोगों को समय पर न्याय एवं प्रशासनिक सुविधाएं मिल सकेंगी। कलेक्टर से इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेने की अपेक्षा की जा रही है।

### शालिनी श्रीवास्तव बनी कांग्रेस शहर अध्यक्ष



**सिंगरौली 4 अगस्त (एनबीएन)।** म.प्र. महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी ने जिला अध्यक्षो की घोषणा की है, जिसमें सिंगरौली शहर में शालिनी श्रीवास्तव को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष ग्रामीण सरस्वती सिंह, संगठन जिला महामंत्री संकठा सिंह चौहान समेत अन्य कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# आंगनवाड़ी भवन का कमजोर नींव की शिकायत

## बाउंड्रीवाल और हैंडपंप भी गायब,जांच की मांग

नवभारत न्यूज

**देवसर 4 अगस्त। जनपद पंचायत देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राचंदेल में हाल ही में निर्मित आंगनवाड़ी क्रमांक-3 का भवन निर्माण अब सवालों के घेरे में आ गया है।**



ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि भवन की नींव तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं बनाई गई। उनका कहना है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता इतनी खराब है कि भविष्य में भवन किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इसे लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से स्वतंत्र तकनीकी जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार भवन के कई मुख्य कॉलम निर्धारित गहराई तक नहीं डाले गए। आरोप है कि नींव पर्याप्त गहराई तक खोदने के बजाय बेहद कम गहराई में ही कॉलम खड़े कर दिए गए, जिससे भवन की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

उनका कहना है कि यदि भवन का तकनीकी परीक्षण कराया जाए तो कई गंभीर खामियां सामने आ सकती हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए ।

# रेनुसागर में रामचरित मानस पाठ एवं रुद्राभिषेक आयोजित

नवभारत न्यूज

**अनपरा 4 अगस्त। कोलमिल एवं ऐश प्लांट पूजा समिति हिंडालको रेनुसागर के तत्वाधान में सावन माह के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर शिवमंदिर, रेनुसागर परिसर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ रामचरित मानस पाठ एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम में यजमान के रूप में संदीप यावले एवं उनकी धर्मपत्नी पूजा यावले ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

रामचरित मानस के संगीतमय पाठ से संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। आचार्य पंडित गुलाब चन्द्र पांडेय ने बताया कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना का सर्वश्रेष्ठ काल माना गया है। इस पावन मास में श्रद्धा, भक्ति और विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन एवं रुद्राभिषेक करने से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता की प्राप्ति होती है।

# सिंगरौली की 69 स्कूलों को मिलेंगे नए भवन

## जर्जर भवनों के सुधार को कलेक्टर के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 अगस्त। जिले में स्कूली बच्चों को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जिले में 69 नवीन स्कूल भवनों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। इनमें 25 भवनों का निर्माण सर्व शिक्षा अभियान तथा 44 भवनों का निर्माण पीआईयू के माध्यम से कराया जाएगा।**

जिला शिक्षा केन्द्र के अनुसार पिछले सत्र 2025-26 में भी 35 नए भवनों को स्वीकृति मिली थी। इनमें 26 कार्यों की निविदा जिला शिक्षा केन्द्र तथा 9 कार्यों की निविदा पीआईयू के माध्यम से जारी की जा चुकी है। कलेक्टर ने जिले के शेष जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण स्कूल भवनों को भी प्राथमिकता से चिन्हित कर डीएमएफ और सीएसआर मद से उनके निर्माण एवं मरम्मत के प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उद्देश्य यह है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो और भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका समाप्त की जा सके।

# वाहन चेकिंग अभियान में 13 वाहन जब्त

## 15 वाहनों से 1 लाख 87 हजार रूपये की वसूली, दो दिन की है कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 अगस्त। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय सिंगरौली द्वारा जिले में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राखड़ परिवहन में संलग्न वाहनों की सघन जांच की गई। जिसमें दो दिन के दौरान 18 वाहनों को जप्त कर 15 वाहनों से 1 लाख 87 हजार रूपये की वसूली की गई है।**



आरटीओ विक्रम सिंह राठौर के नेतृत्व में संयुक्त टीम जांच के दौरान गत दिवस सोमवार को नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 5 वाहनों को जप्त कर सुरक्षार्थ क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय परिसर में खड़ा कराया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन पर 10 वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 1 लाख 37 एवं आज मंगलवार को 8 वाहन पकड़े गये, जहां 5 वाहनों से 50 हजार रूपये की राजस्व वसूली की गई।

### नरेन्द्र मोदी विचार मंच ने सौपा ज्ञापन

**सिंगरौली 4 अगस्त (एनबीएन)।** नरेन्द्र मोदी विचार मंच संभाग रीवा के बैनरतले आज जिला प्रभारी मंजू सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौपा गया है। ज्ञापन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारतीय सेना, पुलिस प्रशासन एवं संवैधानिक संस्थाओं के विरूद्ध अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी करने वाले व्यक्तियों एवं राष्ट्र विरोधी अपराधी के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई किये जाने की मांग की है। इस तरह की अमर्यादित भाषाओं का उपयोग पिछले दिनों जंतर-मंतर नई दिल्ली में की गई।

# नशा आर्थिक विकास के लिए एक गंभीर चुनौती है : निकिता

## शासकीय आदर्श महाविद्यालय रम्पा के युवा छात्रों ने दिया गया जनजागरूकता संदेश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 अगस्त। शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महावि. पीए कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बैढ़न के द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया है।**



नशा मुक्त अभियान के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, युवा पीढ़ी को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जहां जिले के सभी शासकीय और अशास. महावि. के विद्यार्थियों ने भाग लिया । उक्त आयोजन में शास. आदर्श महावि. रम्पा की विद्यार्थी रश्मि प्रियदर्शी ने भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, साथ ही महावि. की नुक्कड़ नाटक टीम के द्वारा नशा मुक्त युवा थीम पर नाटक के माध्यम से युवाओं के बीच जागरूकता का संदेश दिया गया । महाविद्याय रम्पा की प्राचार्य प्रो. निकिता यादव ने कहा किए युवाओं में मादक पदार्थों का सेवन देश के सामाजिक, शारीरिक और आर्थिक विकास के लिए एक गंभीर चुनौती है। शासकीय आदर्श महाविद्याल के एनएसएस प्रभारी डॉ. गिरीश कुमार चतुर्वेदी और कम्प्यूटर विज्ञान विभाग से डॉ. एमएन तिवारी उक्त प्रतियोगिता आयोजन में जूरी सदस्य के रूप में शामिल हुए ।